संख्या- 581/तीन-2020-28(1)/05

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव, सचिवालय प्रशासन, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5. पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर/लखनऊ।
6. समस्त जिलाधिकारी/वरिष्ट पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।

सामान्य प्रशासन अनुभाग **लखनऊ: दिनांक: 21 जुलाई, 2020**

विषय: श्री लाल जी टण्डन, महामहिम राज्यपाल, मध्य प्रदेश के निधन पर राजकीय शोक मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि श्री लाल जी टण्डन, महामहिम राज्यपाल, मध्य प्रदेश का निधन आज दिनांक 21-07-2020 को हो गया है। श्री लाल जी टण्डन जनपद लखनऊ, उत्तर प्रदेश के निवासी थे। अतः उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में दिनांक 21-07-2020 को एक दिन का राजकीय अवकाश एवं तीन दिन के राजकीय शोक (इस अवधि में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा) तथा पुलिस सम्मान के साथ अन्त्येष्टि संस्कार किये जाने की घोषणा की गयी है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त किये गये घोषणा के आलोक में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव।

संख्या- 581(1)/तीन-2020-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
2- अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश।
3- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4- निदेशक, सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया दूरदर्शन/समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5- मुख्य व्यवस्थाधिकारी/व्यवस्थाधिकारी मुख्य भवन/बापू भवन/विकास भवन/लाल बहादुर शास्त्री भवन/लोक भवन/योजना भवन, उ0प्र0 सचिवालय।
6- प्रतिसार निरीक्षक (सुरक्षा), उत्तर प्रदेश सचिवालय।

आज्ञा से,

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in